>

Title : Need to supply adequate power and kerosene to Bihar.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): महोदय, बिहार में केन्द्रीय पूल से विद्युत आपूर्ति के अनुसार नहीं दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर केरोसिन तेल की आपूर्ति भी मांग के अनुसार नहीं है। बिहार को 10 करोड़ 90 लाख लीटर केरोसिन तेल की आवश्यकता है, वहीं उसे 6 करोड़ लीटर केरोसिन तेल की आपूर्ति की जा रही है। जहां केन्द्र सरकार समानता एवं न्यायोचित व्यवहार की बात करती है, वहीं बिहार में यह व्यवहारिक रूप में नहीं दिखाई देता।

मैं भारत सरकार के खाद्य संरक्षा मंत्रालय से मांग करता हूं कि बिहार को आवश्यकता के अनुरूप 10 करोड़ 90 लाख लीटर केरोसिन तेल की आपूर्ति करें ताकि विद्युत के अभाव में केरोसिन तेल उसके अंधेरे का चिराग बन सके। मैं इस ओर सदन के माध्यम से आपका ध्यान आकृष्ट करता हूं।

---

*Treated as laid on the Table